<u>प्रेस नोट दिनाँक 29.04.2025</u>
<u>थाना फरीदपुर जनपद बरेली।</u>

<u>थाना फरीदपुर बरेली पुलिस द्वारा थाना फरीदपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 323/2025 धारा 109(1)/352/351(3)/127(2)/191(2) बीएनएस से सबंधित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।</u>

अंकित पाल निवासी जनपद झांसी, गुड्डू पुत्र बख्तावर निवासी ग्राम मेहतरपुर तिजा सिंह के मकान में किराए पर रहकर पानी पत्तासे बेचने का काम करता था। अंकित पाल उपरोक्त का स्थानीय निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग था। दिनांक 26.04.2025 रात्रि में वह उससे मिलने के लिए उसके घर गया था। घर वालों ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर खम्भे से बांधकर पिटाई कर दी थी, जिसे कुछ बुजुर्ग लोगों ने छुड़ा दिया था। उसी रात्रि में अंकित पाल अपना सामान लेकर किराए का मकान छोड़कर चला गया।

दिनांक 29.04.25 को उक्त प्रकरण से सम्बन्धित एक वीडियो सोशल मीड़िया पर वायरल होने व थाना पुलिस के संज्ञान में आने पर थाना फरीदपुर पर जांचोपरान्त उक्त के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 323/2025 धारा 191(2)/352/351(3)/127(2)/109(1)BNS बनाम 1.अनसार पुत्र इस्लाम नवी उर्फ गनिया 2. इस्लाम नवी उर्फ गनिया पुत्र मोहम्मद नवी 3. सूरज 4. मझला पुत्रगण ईशाक हाजी 5. हफीर्जुरहमान (ग्राम प्रधान) नि0गण ग्राम मेहतरपुर तिजा सिंह थाना फरीदपुर जिला बरेली व 4-5 व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक फरीदपुर के नेतृत्व में थाना फरीदपुर पुलिस टीम द्वारा थाना फरीदपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 323/2025 धारा 109(1)/352/351(3)/127(2)/191(2) बीएनएस के वांछित अभि0गण 1.अंसार पुत्र इस्लाम नवी उर्फ गनिया उम्र करीब 18 वर्ष 2. इस्लाम नवी उर्फ गनिया पुत्र मोहम्मद नवी उम्र करीब 40 वर्ष नि0गण ग्राम मेहतरपुर तिजा सिंह थाना फरीदपुर जनपद बरेली को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-</u>

1.अंसार पुत्र इस्लाम नवी उर्फ गनिया उम्र करीब 18 वर्ष नि0 ग्राम मेहतरपुर तिजा सिंह थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

2.इस्लाम नवी उर्फ गनिया पुत्र मोहम्मद नवी उम्र करीब 40 वर्ष नि0 ग्राम मेहतरपुर तिजा सिंह थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

<u>पंजीकृत अभियोग-</u>

मु0अ0सं0 323/2025 धारा- 191(2)/352/351(3)/127(2)/109(1)BNS

<u>पुलिस टीम-</u>

1. श्री हरेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना फरीदपुर, बरेली।
2. उ0नि0 श्री सुनील कुमार वर्मा थाना फरीदपुर, बरेली।
3. हे0का0 966 बबलू कुमार थाना फरीदपुर, बरेली।